गोपनीय

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

71/अर्द्व0शा0प0सं0-22(22)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 30 जुलाई,2014

प्रिय महोदय,

शिक्षा विभाग के अंतर्गत अपर शिक्षा निदेशक के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 07.07.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा **श्री विनय कुमार पाण्डेय** को अपर शिक्षा निदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. चूँकि श्री विनय कुमार पाण्डेय विभाग में दिनांक 23.06.1989 से नियुक्त हैं। इनकी नियुक्ति/सेवायें समय-समय पर मा0 न्यायालय के आदेशों के अंतर्गत पदस्थापित रखी गयी हैं और समय-समय पर पदोन्नति भी प्राप्त करते रहे हैं। सम्प्रति रिट याचिका संख्या-53761/2006 में पारित अन्तरिम आदेशों के अन्तर्गत श्री पाण्डेय संयुक्त शिक्षा निदेशक के पद पर पदस्थापित एवं कार्यरत हैं। अत: चयन समिति द्वारा यह भी संस्तुति की गयी है कि यह पदोन्नति उक्त रिट याचिका में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

3. चयन समिति द्वारा यह और भी संस्तुति की गयी है कि उक्त प्रसतर-1 में की गयी संस्तुति के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश रिक्ति के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर ही जारी किये जायेंगे।

4. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्य मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

5. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री मनोज कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव,
माध्यमिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in